राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/1437/2022 दिनांकः– 05 नवंबर, 2022

कार्यालय आदेश

अध्यक्ष, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, स्ववित्त पोषित महाविद्यालय एसोसिएशन अलीगढ़ द्वारा आज दिनांक 05 नवम्बर, 2022 को दिये गये प्रत्यावेदन एवं शपथ पत्र के आधार पर व्यापक छात्र हित में विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र दिनांक 19 अक्टूबर, 2022 के अनुसार स्नातक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षा शुल्क दिनांक 08 नवम्बर, 2022 तक महाविद्यालयों द्वारा जमा किये जाने की अनुमति मा0 कुलपति जी द्वारा प्रदान कर दी गई है।

एतद्द्वारा सभी प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धकगण से निर्देशानुसार अपेक्षा की जाती है कि वे महाविद्यालय लॉगइन से निर्गत एम0आई0एस0 के आधार पर समस्त परीक्षा शुल्क महाविद्यालय की लॉगइन के माध्यम से ऑनलाइन/नेट बैंकिग से जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि उनका परीक्षाफल समय से घोषित हो सके और तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा फॉर्म भरे जा सके। यह कार्यालय आदेश मा0 उच्च न्यायालय में योजित रिट संख्या सी30038/2022 के निर्णय के अधीन रहेगा।

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

01. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
02. वित्त अधिकारी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
03. प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
04. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को छात्र हित में निःशुल्क प्रकाशन किये जाने हेतु।
05. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट एवं महाविद्यालय लॉगइन पर अपलोड किये जाने हेतु।
06. गार्ड फाइल।

सहा0 कुलसचिव